दिनांक 25.07.2025 को राजा भोज विमानतल, भोपाल के प्रचालन क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण विमानपत्तन निदेशक, श्री रामजी अवस्थी द्‌वारा संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ किया गया। टीम ने पैरेलल टैक्सी ट्रैक (PTT) परियोजना स्थल का भी निरीक्षण किया। कार्य के दौरान सभी सुरक्षा एवं सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। प्रचालन क्षेत्र का नियमित रखरखाव, जैसे घास कटाई, रनवे/टैक्सीवे/एप्रन की पेंटिंग आदि का नियमकीय मानकों के अनुरूप किया जाता है ताकि विमान प्रचालन सुचारु व सुरक्षित रूप से किया जा सके। भोपाल विमानतल यात्रियों,स्टाफ और विमानों की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

राजा भोज हवाईअड्डा, भोपाल
Raja Bhoj Airport, Bhopal

VÖGELE